प्रश्न-अभ्यास

1. नीचे लिखे वाक्यों में कारक चिह्नों को रेखांकित करते हुए उनका भेद बताइए-
   (क) मैंने कबीर को बुलाया।
   (ख) छात्रों को परीक्षा-परिणाम जानकर बहुत प्रसन्नता हुई।
   (ग) ग़ार्गी की बहन आज स्कूल गई है।
   (घ) तुलसी द्वारा लिखा रामचरितमानस बहुत लोकप्रिय है।
2. निम्न वाक्यों के रिक्त स्थानों में उपयुक्त कारक चिह्न लगाइए-
   (*i*) कवि और कविता .... नाम लिखिए।
   (*ii*) वह चिड़िया जंगल .... रसीले गीत गाती है।
   (*iii*) वह चढ़ी नदी .... दिल .... बात जान लेती है।
   (*iv*) केवल कुछ लोगों .... सुरंग .... जाने की इजाज़त थी।
   कारक चिह्नों को वाक्य में प्रयोग करते हुए स्पष्ट कीजिए।
3. अपादान कारक और करण कारक के लिए प्रयुक्त विभक्ति चिह्न 'से' का अंतर उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।
4. संप्रदान कारक के विभक्ति चिह्न लिखिए।

बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर

1. कारक के भेद हैं-
   (क) पाँच (ख) छः (ग) आठ (घ) दस
2. *कर्ताकारक की विभक्ति है-*
   (क) ने (ख) को (ग) से (घ) में
3. *'से' विभक्ति चिह्न होता है-*
   (क) करण व अपादान का (ख) कर्ता व कर्म का
   (ग) करण व अधिकरण का (घ) संबंध व कर्म का।

4. कौन-सा कारक जुदाई के साथ-साथ तुलना, घृणा व डर के भावों को भी प्रकट करता है?

(क) अधिकरण (ख) कर्म (ग) अपादान (घ) संबंध

5. संप्रदान कारक का विभक्ति चिह्न है-

(क) से व में (ख) को व के लिए (ग) में व ने (घ) पर व से

6. निम्न वाक्यों में सही कारक चिह्न भरिए-

(1) मछलियाँ पानी ………… तैर रही हैं।

(क) पर (ख) में (ग) के लिए (घ) को

(2) बच्चे माँ ………… खाना बना रहे हैं।

(क) को (ख) के लिए (ग) से (घ) ने

(3) पिताजी ………… सभी को उपहार दिए।

(क) को (ख) के लिए (ग) ने (घ) में

(4) …………! कहाँ गिर गए?

(क) वाह! (ख) अच्छा! (ग) अरे! (घ) धत्!

(5) दीपिका साइकिल ………… आई है।

(क) पर (ख) में (ग) ने (घ) से

(6) दीपशिखा स्कूटर ………… गिर गई।

(क) से (ख) ने (ग) पर (घ) में

(7) गरीबों ………… मिठाइयाँ बाँटो।